समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !
नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# भारत मे पैर पसार रहा कोरोना : एक्टिव केस 5,000 के करीब, अब तक 51 मौते।

Publisher
Published on 05 Jun 2025



## कोविड का खतरा फिर मंडराया, केरल और महाराष्ट्र बने हॉटस्पॉट।

**नई दिल्ली :** भारत में **कोरोना वायरस** एक बार फिर से तेज़ी से फैल रहा है। **गुरुवार सुबह 8 बजे** तक देश में **कोविड-19** के सक्रिय मामलों की संख्या **4,866** तक पहुंच गई है। इस दौरान अब तक 51 लोगों की मौत भी हो चुकी है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह लहर भले ही उतनी घातक न हो, लेकिन सतर्क रहना बेहद ज़रूरी है।

राज्यों का हाल – कहां कितने एक्टिव केस ?

**केरल मे संबसे ज्यादा एक्टिव केस**

१. **कुल एक्टिव केस : 1,487**

२. **नए मामले : 114**

३. **मौते: 9**

महाराष्ट्र में हालात चिंताजनक

१. **कुल केस : 1,064**

२. **नए मामले : 105 (मुंबई – 32, ठाणे – 4)**

३. **मौते: 17 (नवी मुंबई, डोंबिवली, कोल्हापुर समेत)**

दिल्ली में कोविड की वापसी

१. **एक्टिव केस : 562**

२. **नए मामले : 105**

३. **मौते: 7**

गुजरात में नए केस तेजी से बढ़े

१. **एक्टिव केस : 508**
२. **नए मामले : 119**
३. **अस्पताल मे भंर्ती: 18**
४. **मौते: कोई नहीं**

अन्य राज्यों की स्थिति

| **राज्य** | **एक्टिव केस** | **नए केस** | **मौते** |
|---|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 198 | 3 | – |
| कर्नाटक | 436 | 112 | – |
| आंध्र प्रदेश | 50 | – | – |
| असम | 8 | – | – |
| बिहार | 31 | – | – |
| हरियाणा | 63 | – | – |
| मध्य प्रदेश | 30 | – | – |
| पंजाब | 16 | – | – |
| राजस्थान | 103 | – | – |

**क्या कहता है स्वास्थ्य मंत्रालय ?**

स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों से अपील की है कि वे **भीड़भाड़ वाले इलाकों मे मास्क का उपयोग** करें, **नियमित हाथ धोते** रहें और लक्षण दिखने पर तुरंत कोविड जांच कराएं। हालांकि **फिलहाल लॉकडाउ**न जैसे कदम की संभावना नहीं है, लेकिन सतर्कता बेहद जरूरी है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.